# कार्यालय प्राचार्य, कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिन्दगढ, जिला–सुकमा (छ.ग.)

**CBSE Code-3320472 emrsbalatikrachhindgarh@gmail.com School Code-17451UDise Code-22213510316**

क्रमांक /519/ प्राचार्य / क.एक.आ.आ.वि. / 2025–26 छिन्दगढ, दिनांक 01/09 /2025

## साक्षात्कार सूचना

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के पत्र क्रमांक **NESTS/H-1/47/HR Misc./2024-25 Date 20/06/2025** के दिशानिर्देशो के अनुरुप एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल बालाटिकरा छिंदगढ जिला–सुकमा (छ.ग.) में . शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से विभिन्न विषयों मे शिक्षक पदो पर अस्थाई रिक्ति के लिए अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए walk in interview आयोजित करने जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र एवं अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों के साथ निर्धारित आवेदन के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर वॉक इन इन्टरव्यू स्थल पर उपस्थित होवें। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक या साधारण पोस्ट या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन को स्वीकार नही किया जाएगा।

रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है –

| क्रमांक | पद | पद संख्या | योग्यता | वेतन | साक्षात्कार दिनांक एवं समय | साक्षात्कार स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीजीटी इतिहास | 1 | As per NESTS संबंधित विषय मे स्नातकोत्तर एवं बी.एड. | 1. 35000with qualification as per RR of NESTS 2. 31000 without qualification as per RR of NESTS | 17/09/2025 10 AM | कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ, केन्द्रीय विद्यालय सुकमा के बगल में, कुम्हाररास, सुकमा, छत्तीसगढ 494111 |
| 2 | पीजीटी भूगोल | 1 | As per NESTS संबंधित विषय मे स्नातकोत्तर एवं बी.एड | 1. 35000with qualification as per RR of NESTS 2. 31000 without qualification as per RR of NESTS | 17/09/2025 10 AM | |
| 3 | टीजीटी पीईटी (फिमेल) | 1 | As per NESTS संबंधित विषय मे स्नातक | 1. 33000with qualification as per RR of NESTS 2. 29000 without qualification as per RR of NESTS | 17/09/2025 10 AM | |

**वॉक इन इन्टरव्यु हेतु दिशा निर्देश :–**

1. अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकीय पदों के लिए आवेदक की विद्यालयीन शिक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से ही पूर्ण की गई होनी चाहिए। परंतु यदि अंग्रेजी माध्यम वाले अभ्यर्थी नहीं मिलते, तो अन्य माध्यम से शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों का भी साक्षात्कार लिया जाएगा और योग्य पाए जाने पर पद के लिए विचार किया जाएगा।
2. यदि पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थी मिलते हैं तो उन्हें प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी।
3. चयनित विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा निरस्त की जा सकती है। इसका अधिकार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ के प्रबंधन एवं संचालन समिति को होगा।
4. उक्त विज्ञापन को संशोधित करने एवं निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ संविदा नियुक्ति प्रबंधन एवं संचालन समिति को होगा।

Scanned with OKEN Scanner

5. CGTET की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है ।

6. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ, केन्द्रीय विद्यालय सुकमा का पुराना भवन के बगल मे, कुम्हाररास, सुकमा, छत्तीसगढ पिन कोड 494111होगा।

7. चयन प्रक्रिया

- टीजीटी के लिए स्नातक एवं पीजीटी के लिए स्नातकोत्तर के प्राप्तांक पर अधिकत्तम 60 अंक दिये जाऐंगे
- पीजीटी के लिए स्नातकोत्तर की उपाधि एवं टीजीटी के लिए स्नातक की उपाधि के अंको का भार निम्न होगा –
    1. 90 प्रतिशत से उपर को 60 अंक
    2. 80 से 90 प्रतिशत के बीच होने पर 55 अंक
    3. 70 से 80 प्रतिशत के बीच होने पर 50 अंक
    4. 60 से 70 प्रतिशत के बीच होने पर 45 अंक
    5. 50 से 60 प्रतिशत के बीच होने पर 40 अंक
    6. 40 से 50 प्रतिशत के बीच होने पर 35 अंक
    7. 33 से 40 प्रतिशत के बीच होने पर 30 अंक

- अनुभव पर 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 10 अंक),
- कक्षा 12वी के प्राप्तांको पर 15 अंक दिए जायेंगे
    1. कुल प्रतिशत प्राप्तांक 80 से 100 प्रतिशत के बीच होने पर 15 अंक
    2. कुल प्रतिशत प्राप्तांक 60 से 80 प्रतिशत के बीच होने पर 10 अंक
    3. कुल प्रतिशत प्राप्तांक 40 से 60 प्रतिशत के बीच होने पर 5 अंक
    4. कुल प्रतिशत प्राप्तांक 33 से 40 प्रतिशत के बीच होने पर 2 अंक दिये जाऐंगे।
- साक्षात्कार के अधिकतम 15 अंक दिए जायेंगे।

8. चयन प्रकिया में कुल प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जाएगा।
9. चयन प्रकिया में न्युनतम 45 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
10. चयनित अभ्यर्थी पद ग्रहण न करने पर वेटिंग लिस्ट से उम्मीदवार को बुलाया जाएगा।
11. वॉक–इन–इंटरव्यू के समय मूल दस्तावेजों की जांच होगी तथा सभी अनिवार्य दस्तावेजो की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।
12. अंतिम मेरिट सूची शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं साक्षात्कार के अंकों के आधार पर बनेगी।
13. चयन प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी होगी।
14. वरीयता का निर्धारण मेरिट सूची एवं विषय के अनुसार होगा
15. अनुभव का निर्धारण— पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिए 02 अंक प्रति वर्ष, आंशिक अवधि के लिए कोई अंक नहीं मिलेगा।
16. अनुभव प्रमाण पत्र संस्था प्रमुख एवं DEO/DDO द्वारा सत्यापित होना चाहिए।
17. झूठे दस्तावेज मिलने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
18. सभी प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।
19. 1 जनवरी 2025 की स्थिति मे न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष।
20. Nests के दिशा निर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
21. 10वीं के अंकपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
22. संविदा नियुक्ति शिक्षण सत्र 2025–26 तक के लिए होगी।
23. संविदा नियुक्त कर्मचारी को स्थायी सेवा का कोई लाभ नही मिलेगा।
24. संविदा नियुक्ति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
25. यह संविदा नियुक्ति अस्थायी है और रिक्त पद पर NESTS द्वारा नियमित कर्मचारी की नियुक्ति हो जाने की स्थिति में संविदा नियुक्ति स्वत: समाप्त हो जाएगी।
26. आवेदक आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।
27. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों की सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों पर नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
28. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से कोई भी एक माह का वेतन देकर या पूर्व सूचना देकर नियुक्ति समाप्त कर सकता है।
29. उम्मीदवार का किसी भी प्रकार के आपराधिक मामले में संलिप्त नहीं होना चाहिए। संलिप्त पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त होगी और कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
30. यह संविदा भर्ती NESTS के दिशा निर्देशो के अनुसार होगी।

Scanned with OKEN Scanner

31. संविदा के तहत नियुक्त शिक्षक को एक वर्ष मे 8 आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।
32. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964 से शासित होगा।
33. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप व नियम–शर्तें विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
34. अंतिम चयन सूची विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड होगी।
35. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

03/09/25

प्राचार्य
कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय
विद्यालय बालाटिकरा छिन्दगढ़
जिला–सुकमा (छ0ग0)

PRINCIPAL
Girls EMRS Balati
F Chhindgarh
Distt.-Sukma (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिन्दगढ, जिला–सुकमा (छ.ग.)

## अतिथि शिक्षक हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

आवेदित पद का नाम........................................ विषय........................................ माध्यम........................................

प्रति
प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ जिला – सुकमा (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम (हिंदी में) :–........................................
2. आवेदक का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :–........................................
3. पिता/पति का नाम (हिंदी में) :–........................................
4. पिता/पति का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :–........................................
5. जन्म तिथि अंको में :–........................................
6. जन्म तिथि शब्दो में :–........................................
7. लिंग – पुरुष/महिला/अन्य :–........................................
8.विवाहित/अविवाहित :–........................................
9. आयु दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में :–..................वर्ष..................माह..................दिन
10.छत्तीसगढ़ मूल निवास का विवरण :–जिला..................तहसील..................ग्राम..................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व/सामान्य :–........................................
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)

Scanned with OKEN Scanner

12. शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण (जो की अनिवार्य योग्यता मे चाहा गया है)

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

13. शासकीय एवं अर्धशासकीय शैक्षणिक संस्थानो मे शैक्षणिक कार्य के अनुभव का विवरण:-

| क्रमांक | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्थान/प्रतिष्ठान का नाम जहाँ कार्य किया | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थाई/स्थाई/संविदा प्रतिनियुक्ति/अन्य | मासिक वेतन रुपय मे | कार्य ग्रहण अवधि सहित | कुल अनुभव माह मे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

**14. नियोक्ता के संबंध मे जानकारी :–**

| नियोक्ता विभाग / संगठन का नाम | संस्थान प्रतिष्ठान का नाम जहाँ काम किया गया है या कर रहे का पूर्ण प | दूरभाष क्रमांक / मोबाइल नंबर | ई–मेल | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

टीप :– आवेदक द्वारा दिए गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी, जॉच मे किसी भी प्रकार से गलत / भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति मे आवेदक का आवेदन अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, अतः असत्य जानकारी ना दी जावें।

आवेदक का हस्ताक्षर

**15. पत्र व्यवहार का पता** :– ........................................................................................................

........................................................................................................

जिला का नाम ........................................................ पिन कोड ........................................

मोबाइल व्हाट्सप नंबर ........................................................................................

ई–मेल आई डी ........................................................................................

**16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–**

- शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत कक्षा 10वी / 12वी / संबंधित विषय मे स्नातक / स्नातकोत्तर / बी.एड / सी टेट के अंक सूची की छाया प्रति।
- व्यवसायिक एवं अन्य योग्यताओं के परिक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।
- अनुभव प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जार)
- मूल निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति।

## प्रमाण पत्र

मैं घोषना करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त आवेदन पत्र मे बिन्दु क्रमांक 01 से 16 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मे आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता/रखती हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा मैं मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैंने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

दिनांक :–

स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूर्ण स्थायी पता

Scanned with OKEN Scanner